# प्रारुप–11

**परियोजना का नाम– मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 244/2013 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा पुरोला में कमलेश्वर मन्दिर मोटर मार्ग का नव निर्माण।**

(प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या प्रस्ताव के साथ संलग्न की जानी है।)

## विस्तृत आख्या

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 5927/III(2)/13–31 प्रा0आ0/2013 दिनांक 22 नवम्बर 2013 के द्वारा 3.00 कि0मी0 लम्बाई हेतु रू0 27.99 लाख की प्राप्त है। यह मोटर मार्ग रामा रपटा रेवड़ी मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से प्रारम्भ होकर कमलेश्वर मन्दिर तक मोटर मार्ग आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा।

उक्त मोटर मार्ग के समरेखण की प्रस्तावित वास्तविक लम्बाई 2.60 कि0मी0 है, जिससे ग्राम कण्डिया एवं रेवड़ी पूर्ण रूप से मोटर मार्ग से जुड़ जायेंगे। कमलेश्वर मन्दिर इस क्षेत्र का सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, प्रतिवर्ष क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु विभिन्न अवसरों पर यंहा भ्रमण हेतु आते हैं, जिन्हें पैदल ही कमलेश्वर मन्दिर जाना पड़ता है। श्रद्धालुओं की आवश्यकता एवं क्षेत्र में पर्यटन के विकास की दृष्टि से उपरोक्त मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के साथ–साथ ग्राम कण्डिया एवं रेवड़ी के ग्रामीणों को क्षेत्र में उत्पादित नगदी फसलों को मण्डियों तक पहुँचाने में सुविधा होगी जिससे क्षेत्र का आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.825 है0 आरक्षित एवं सिविल सोयम वनभूमि की आवश्यकता होगी जिसका हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है।

(धीरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला